अमर उजाला 02/03/2024

अक्षय और सुजल साइंस क्विज में द्वितीय

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षय और सुजल ने कॉलेज और विभाग को गौरवान्वित किया। उन्होंने साइंस क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फिजिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. एसके पांडे ने बताया कि एसए जैन पीजी कॉलेज अंबाला सिटी के साइंस फोरम द्वारा वैज्ञानिका-2024 का आयोजन किया था। इसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसमें जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संवाद